समाचार

विधायक व महापौर ने किया विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन

कोरबा 03 दिसम्बर 2020 –कटघोरा विधायक एवं उपाध्यक्ष मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ श्री पुरूषोत्तम कंवर एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज बांकीमोंगरा जोन के वार्ड क्र. 65 व 63 में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य एवं पार्षदगण विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 65 बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत शीतला मंदिर के बगल में विधायक मद से 08 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 63 मढ़वाढोड़ा नदी किनारे विधायक मद से 02 लाख रूपये की लागत से पचरी का निर्माण तथा विधायक मद से ही वार्ड क्र. 63 मढ़वाढोड़ा हाईस्कूल के पास 02 लाख रूपये की लागत से सांस्कृतिक मंच का निर्माण कराया जाना हैं। आज आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री कंवर एवं महापौर श्री प्रसाद ने उक्त निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। उन्होने कार्य हेतु पूजा अर्चना की तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर विकास कार्यो का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में विकास को लगातार गति दी जा रही है, वहीं जहां तक कोरबा जिले का प्रश्न है तो हमारे लोकप्रिय राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निरंतर दिशा निर्देशन में कोरबा नगर निगम क्षेत्र के साथ–साथ पूरे जिले में विकास कार्यो को गति एवं दिशा दी जा रही है। उन्होने कहा कि आज जिन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया है, उन कार्यो को कराए जाने की मांग यहां के नागरिकों द्वारा की गई थी, मुझे प्रसन्नता है कि आज उन मांगों को पूर्ण कर दिया गया है। उन्होने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में जो विकास कार्य प्रस्तावित हैं, उन पर शीघ्र कार्य प्रारंभ हों ताकि लोगों को उनका लाभ प्राप्त हो सके। श्री कंवर ने आगे कहा कि नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी मुख्यमंत्री जी की महती योजना है, इस योजना के तहत मढ़वाढोड़ा में गोठान का निर्माण कराया जाना हैं, मुझे आशा है कि यह कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा।

कोरबा पश्चिम क्षेत्र का सर्वांगीण विकास– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन तथा राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के दिशा निर्देशन में कोरबा जिले के साथ–साथ सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में विकास कार्यो को गति एवं दिशा दी जा

रही है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने एस.ई.सी.एल. सहित अन्य सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों को विकास में अपनी सहभागिता देने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया है, उन्होने बांकीमोंगरा मेन रोड, उद्यान का निर्माण, कालोनी की आंतरिक सड़कों की मरम्मत सहित पानी, बिजली आदि की व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश भी प्रतिष्ठानों को दिए हैं। कोविड–19 के परिणाम स्वरूप विकास कार्यो में अवरोध अवश्य आया था किन्तु क्रमशः कार्य प्रारंभ हो रहे हैं, शीघ्र ही कार्यो को समुचित गति मिलेगी। उन्होने कहा कि मेरा निरंतर प्रयास है कि निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में वार्ड पार्षदों एवं वहां के नागरिकों की मांग एवं इच्छा के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएं, मैं आश्वस्त करना चाहता हूॅं कि सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य होंगे तथा जनता जनार्दन की इच्छा एवं उनकी मांग को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यो का संपादन कराया जाएगा तथा कोरबा पूर्व के साथ–साथ कोरबा पश्चिम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बांकीमोंगरा, सर्वमंगला व दर्री क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि निश्चित रूप से निगम द्वारा विकास व निर्माण कार्यो में जनहित को प्राथमिकता दी जा रही है तथा सभी वार्डो में समान रूप से विकास कार्य कराए जाने पर बल दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का निरंतर मार्गदर्शन क्षेत्र के विकास के लिए प्राप्त हो रहा है, आज यहां पर जो विकास कार्य प्रारंभ हुए हैं उसके लिए मैं वार्ड के नागरिकों को बधाई देता हूॅं।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री संतोष राठौर, पार्षद श्रीमती शैलकुमारी राठौर एवं श्रीमती राजकुमारी कंवर, श्री पवन गुप्ता, श्री अजय प्रसाद, श्री विनय कुमार बिंझवार, एल्डरमेन श्री परमानंद सिंह, श्री ठाकुर प्रसाद अकेला, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी, दीपका के पार्षद श्री रामकुमार कंवर, विधायक प्रतिनिधि श्री सनीश कुमार एवं श्री रामगोपाल कंवर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी बांकीमोंगरा के अध्यक्ष श्री प्रदीप अग्रवाल, श्री संजय आजाद, श्री जवाहर कंवर, पूर्व पार्षद दिलहरण कंवर, गोवर्धन सिंह, नंदलाल सिंह कंवर, सुराजसिंह कंवर, बाबूलाल कंवर आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।